

नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 24 जुलाई 2026



## एक नजर में

### 25 को मनाएंगे छत्रपति शिवाजी महाराज राजाभिषेक दिवस



**देवास।** श्री शिव छत्रपति राजाभिषेक समारोह समिति, देवास द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी महाराज के राजाभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एवं प्रेरणादायी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम शनिवार, 25 जुलाई 2026 को सायं 6 बजे श्री मल्हार स्मृति मंदिर, देवास में आयोजित होगा। कीर्ति चव्हाण ने बताया कि समारोह में पुणे (महाराष्ट्र) के प्रख्यात वक्ता सारंग मांडके एवं सारंग भोईरकर छत्रपति शिवाजी महाराज के राजाभिषेक प्रसंग, राष्ट्रनिर्माण, सुशासन, स्वाभिमान तथा हिंदवी स्वराज्य के आदर्शों पर प्रेरक उद्बोधन देंगे। समिति ने देवास नगर के सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं इतिहास प्रेमियों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

### बघेल को पदोन्नति मिलने पर थाने में हर्ष



**बागली।** बागली थाने पर सब इंस्पेक्टर के रूप में पदस्थ महावीर बघेल को पदोन्नति मिलने पर बागली थाने पर खुशी का माहौल है उनके साथ कार्य करने वाले और अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों ने पुष्प हार पहना कर पढ़ो उन्नत हुए महावीर सिह बघेल को बधाई दी इस अवसर पर पदो उन्नत हुए इंस्पेक्टर महावीर सिंह बघेल ने बताया कि पुलिस विभाग ऐसा विभाग है जहां पर ईमानदारी से और अच्छा कार्य करने पर पदो उन्नति मिलती रहती है। वह जहां पर भी रहे उन्हें उच्च अधिकारियों का सहयोग हमेशा मिलता रहा बागली आकर पदो उन्नति मिलना उनके लिए सौभाग्य है। वह जहां भी नौकरी करेंगे बागली को जरूर याद रखेंगे।

### जावेद खान प्रदेश मीडिया प्रभारी और नूर मोहम्मद जिला प्रभारी नियुक्त



**कांटाफोड़** –मुस्लिम पिंडारा वेलफेयर फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में संगठन के विस्तार और समाज हित के कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। फाउंडेशन के अध्यक्ष यूनुस खान, सचिव शाहरुख मदनी, उपाध्यक्ष हाजी नाजिम, कोषाध्यक्ष नजर मोहम्मद और सभी मुस्लिम पिंडारा वेलफेयर फाउंडेशन के साथियों द्वारा सर्वसम्मति से जावेद खान को मुस्लिम पिंडारा वेलफेयर फाउंडेशन का प्रदेश मीडिया प्रभारी और नूर मोहम्मद को इंदौर जिला प्रभारी नियुक्त किया गया। उनकी इस नियुक्ति पर समाज के लोगों और संगठन के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। नवनियुक्त जिला प्रभारी नूर मोहम्मद ने कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपी गई इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और समाज व संगठन के विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### पार्वती बाई जत्थाप का निधन



**बागली।** सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गीय छितर जी जत्थाप की धर्मपत्नी एवं अनिल जत्थाप सुनील जत्थाप की माता जी पार्वती बाई जत्थाप का 70 वर्ष की उम्र में गृह निवास बागली में निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार बागली मुक्ति धाम पर किया गया। पार्वती बाई जत्थाप के निधन पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव बागली ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अमित नागर वार्ड पार्षद मोहन मांन धनिया मुकेश दांगी रजत बजाज पत्रकार सुनील योगी सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए

### लायंस क्लब रीजन-7 की ऑफिसर्स मीट आयोजित




**देवास।** लायंस इंटरनेशनल क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 के रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन औसाफ़ क़ुरैशी के नेतृत्व में रीजन-7 के क्लब पदाधिकारियों के लिए स्थानीय होटल रामाश्रय में क्लब ऑफिसर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जय प्रकाश त्रिपाठी के साथ विशेष अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन राम जाट, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. राजेंद्र सोडानी, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सेक्रेट्री लायन अनिल मोदी, झोन चेयरपर्सन लायन मयंक काबरा सहित अनेक डिस्ट्रिक्ट पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर होम क्लब लायंस क्लब ऑफ़ देवास सिटी के पास्ट प्रेसिडेंट्स को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में क्लब पदाधिकारियों को संगठन एवं सेवा कार्यों के प्रभावी संचालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। ध्वज वंदना एवं दीप प्रज्वलन के बाद लायन औसाफ़ कुरैशी ने अपने स्वागत उद्बोधन मे रीजन के लक्ष्य और कार्य योजनाओ की जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जयप्रकाश त्रिपाठी द्वारा जहां जरुरत वहां सेवा के अनुरुप कार्य योजनाओ के बारे मे बताया। केबिनेट सचिव लायन अनिल मोदी ने सभी गतिविधियो की रिपोर्टिंग करने के लिए प्रोत्साहित करा। अतिथियों का स्वागत रीजन सेक्रेट्री लायन मनोज बिंदल एवं रीजन एडवाइजर लायन साफिया कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन लायन आर.सी. पालीवाल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन लायंस क्लब आफ देवास गोल्ड की अध्यक्षा लायन संगीता गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर एमजेएफ लायन डॉक्टर के.के.धूत, लायन डॉक्टर प्रकाश गर्ग, लायन प्रमोद गुप्ता, लायन एम.एल.डाबी, लायन भगवान गोयल, लायन दिनेश माहेश्वरी, लायन मांगीलाल अग्रवाल, लायन अशोक जोशी, लायन संजय जोशी, लायन श्रीधर महेश्वरी, लायन सलमा कुरैशी, लायन सुनीता शर्मा, लायन मोनिका राणा, लायन नेहा छाबरिया, लायन तरुणा जाट, लायन शैला जैन, लायन रमा शर्मा, लायन रानी बड़ोदिया उपस्थित थे।

# सिविल अस्पताल कन्नौद में शिशु मृत्यु की समीक्षा बैठक

**कन्नौद। सिविल अस्पताल कन्नौद के सभा कक्ष में एसडीएम प्रिया चन्द्रावत की अध्यक्षता में विकासखंड कन्नौद की शिशु मृत्यु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड कन्नौद अंतर्गत हुई शिशु मृत्यु की सूक्ष्म रूप से समीक्षा की गई संबंधित ग्राम की आशा एवं एएनएम से शिशु मृत्यु के कारणों पर चर्चा कर शिशु मृत्यु दर को कम करने, संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।**



अनमोल पोर्टल पर डेटा फीडिंग एवं यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण की एंट्री की प्रगति की उप स्वास्थ्य केंद्रवार समीक्षा करते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर डाटा समय से एवं शत-प्रतिशत फीड किया जाए। लम्बित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत चल रहे टीकाकरण, परिवार नियोजन, दस्तक अभियान, क्षय रोग एवं अन्य कार्यक्रमों की कार्य प्रगति के बारे में एसडीएम मैडम को विस्तार से अवगत कराया। एसडीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनाए रखने एवं आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की प्राथमिकता है।

समीक्षा बैठक में डॉ रचना भार्गव, बीईई दिनेश साहू ,बीपीएम प्रदीप पवार ,बीसीएम विनोद भंवर, मलेरिया इंस्पेक्टर धूम सिंह बघेल, सभी सीएचओ, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में दिया धरना

**सतवास।** दिल्ली जंतर मंतर पर पेपर लीक मामले में प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुए लाठी चार्ज के बाद उनके समर्थन में आए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार रात्रि को नगर कांग्रेस अध्यक्ष कवर खान के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड सतवास पर धरना देकर केंडल मार्च निकाला और मोदी सरकार विरोधी नारे लगाए जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हाथ में मोम बत्ती लेकर नगर जिसमे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि वहीद खान सदर, पूर्व अध्यक्ष इमरत खान, रमजान खान,बाबू लाल यादव,राज चौहान, अशोक मालवीय, दिनेश राठौर, जुबैर शेख,नौशाद भाई पार्षद, कल्ला खान, दरिया पटेल, कपिल पटेल धासड जयस सिंगी, हर्ष पटेल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल होकर सरकार विरोधी नारे लगाए

## द लाइकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2026 में किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

**देवास।** संस्थान द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने नीट 2026 में शानदार सफलता प्राप्त कर संस्था और शहर का नाम रोशन किया। द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने बताया कि संस्था से इस वर्ष नीट के लिए 14 विद्यार्थी क्वालिफाई हुए है। संस्था निर्देशक नवीन शर्मा ने बताया कि नियमित टेस्ट सीरीज, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन, व्यक्तिगत डाउट साल्विंग तथा अनुशासित अध्ययन पद्धति के कारण यह सफलता संभव हो पाई है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परिणाम देना ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत की आदत विकसित करना भी है। द लाईकेन्स इंस्टीट्यूट ने नीट, जेईई के साथ साथ 12 वीं एम.पी.बोर्ड और 10 वीं एम.पी. बोर्ड और 10 वीं सीबीएसई में भी उत्कृष्ट रिजल्ट दिए हैं और आगे भी देते रहेंगे।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने की आयुक्त से मुलाकात

**देवास।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के प्रदेश पदाधिकारी ने भोपाल आयुक्त निधि निवेदिता शुक्ला महिला बाल विकास विभाग से मिलकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओ से अवगत कराते हुए विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में बताया गया कि उपरोक्त विषय में कुछ समस्या है। बच्चों के पंजीयन बढ़ाने का दबाव बनाया जा रहा है, पोषण ट्रेकर में बच्चों के पंजीयन का कार्य निरंतर किया जा रहा है, लेकिन जनसंख्या अनुसार 10 प्रतिशत बच्चों का पजीयन किया जाए ऐसा आदेश है किंतु वर्तमान में जनसंख्या में बहुत बदलाव आ गया है। अविवाहित महिला पुरूषों की संख्या बढ़ना। एक ही संतान पर परिवार नियोजन अपनाना।अधिक उम्र में विवाह करना। ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन करना। जनसंख्या में एसआईआर और विधानसभा की जनसंख्या अनुसार लक्ष्य दिया गया है। किंतु जमीनी स्तर पर वह संभव नहीं है।

गांवों से पलायन करके शहरों में लोग बस गए है, किंतु समग्र आईडी निर्वाचन नामावली में नाम गांवों में ही दर्ज है लेकिन उनबे बच्चों के नाम पोषण ट्रेकर में दर्ज कर पाना संभव नहीं है क्योंकि उसके लिये बच्चो का भौतिक रूप से बच्चों की उपस्थिति आवश्यक है। क्योंकि उनका निरंतर वजन, लम्बाई एफआरएस करना होता है तो ऐसे बच्चों को जहां वे वर्तमान में रह रहे हैं वही दर्ज करना होता है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का एरियर का भुगतान करें। आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा प्रतिवर्ष मार्च अप्रेल में सर्वे कर लिया जाता है और हर महीने पंजीयन भी किए जाते है।

उदाहरण के लिए टोंकखुर्द परियोजना की जनसंख्या 130000 के लगभग है। 2012 के सर्वे अनुसार किंतु उसे 6 वर्ष के बच्चों का लक्ष्य 75000 के अनुसार दिया गया है उससे लक्ष्य पूर्ति संभव नहीं है। कांकर्ता अत्याधिक मानसिक दबाव मे है, बच्चे कहां से लाए।

## 2 अगस्त के महाआंदोलन की तैयारियां तेज

**देवास। मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन (संबद्ध भारतीय मजदूर संघ) द्वारा आगामी 2 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय महाआंदोलन की तैयारियां पूरे प्रदेश में तेज़ी से चल रही हैं।**

संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विभिन्न जिलों में बैठकों का आयोजन कर रहे हैं, कर्मचारियों से जनसंपर्क कर रहे हैं तथा पोस्टर, बैनर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से आंदोलन को सफल बनाने का अभियान चला रहे हैं। इन तैयारियों के फोटो एवं वीडियो भी लगातार मीडिया को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। संगठन द्वारा 2 अगस्त को अंबेडकर मैदान में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके उपरांत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी अंबेडकर मैदान से वल्लभ भवन तक रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह राजपूत ने बताया कि मध्य प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनियों, ट्रांसमिशन कंपनी एवं उत्पादन कंपनी में वर्षों से कार्यरत हजारों आउटसोर्स कर्मचारी बिजली व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन आज भी उन्हें पर्याप्त वेतन, सेवा सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य परिस्थितियां उपलब्ध नहीं हैं।

कर्मचारियों का वर्षों का अनुभव होने के बावजूद वे ठेकेदारी व्यवस्था के कारण असुरक्षा और शोषण का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगठन की प्रमुख मांग है कि मध्य प्रदेश सरकार हरियाणा की तर्ज पर मध्य प्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी निगम/मंडल/आयोग का गठन करे, जिसके माध्यम से समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती, सेवा प्रबंधन एवं निगरानी की व्यवस्था हो तथा निजी ठेकेदारों की मनमानी पर प्रभावी रोक लगे। कुलदीपसिंह राजपूत ने कहा कि संगठन प्रदेश के सभी आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए 60 वर्ष तक सेवा सुरक्षा, समान कार्य के लिए समान वेतन, समय पर वेतन भुगतान, ईपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, बीमा, दुर्घटना सहायता, आश्रित को रोजगार तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ सुनिश्चित करने की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि आउटसोर्स कर्मचारी भी शासन की नियमित व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए उन्हें सम्मानजनक सेवा शर्तें और सुरक्षित भविष्य मिलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों से अपील की कि वे 2 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर इस लोकतांत्रिक आंदोलन को सफल बनाएं, ताकि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## कांटाफोड़ पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

**कांटाफोड़। थाना कांटाफोड़ में दर्ज अपराध क्रमांक 198/2026 की विवेचना को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।**

फरियादी का कहना है कि 20 मई 2026 को हुई घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को आज तक पुलिस द्वारा जब्त नहीं किया गया, जबकि वही इस पूरे मामले का महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य है।फरियादी के अनुसार घटना के दौरान आरोपी राजेश यादव ने संकरी गली में लापरवाहीपूर्वक ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मारकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

इसके बाद पांच आरोपियों ने एक राय होकर घर में घुसकर एक वरिष्ठ नागरिक महिला सहित अन्य लोगों के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (क्चहृस्) की धाराएं 115(2), 281, 296(बी), 333, 351(3) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

फरियादी का कहना है कि मामले की विवेचना जानबूझकर लंबी खींची गई। उनका कहना है कि जांच अधिकारी एवं थाना प्रभारी द्वारा लगातार कार्रवाई का आश्वासन दिया जाता रहा, लेकिन अब तक न तो ट्रैक्टर जब्त किया गया और न ही उससे संबंधित वैधानिक कार्रवाई की गई। फरियादी ने यह भी कहा कि घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर के चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था तथा ट्रैक्टर का पंजीयन और बीमा भी वैध नहीं था।

इसके बावजूद पुलिस द्वारा वाहन को जब्त नहीं किया गया, जिससे निष्पक्ष विवेचना पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।फरियादी का कहना है कि जब एक वरिष्ठ नागरिक महिला के साथ हुई गंभीर घटना में भी कार्रवाई में दो माह से अधिक का समय लग रहा है, तो आम नागरिकों को समय पर न्याय कैसे मिलेगा।


उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई और ट्रैक्टर को जब्त कर विधिसम्मत कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होंगे।अब देखना होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कब तक ट्रैक्टर को जब्त कर निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करता है

(इंवेस्टिगेशन जारी है जैसे ही जांच पूरी होंगी जप्ती की जाएगी) (अभिषेक गौतम थाना प्रभारी कांटाफोड़)

**एक नजर** शिष्य अंतर्मना ने चरण पखारे, गुरु पुष्पदंत सागर ने लगाया लिया गले

# ध्वजारोहण के साथ अंतर्मना जन्मोत्सव का हुआ शुभारंभ

**सोनकच्छ।** प्रसन्न सागर इस युग के महातपस्वी संत हैं। उनकी साधना समर्पण मिठास से मैं बड़ा प्रभावित हूं। जो मां बाप नहीं कर सके वो बेटे ने कर के दिखा दिया। इनकी साधना को देखता हु तो लगता है इनके अंदर का परमात्मा जाग चुका है। यह बात गणाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज ने शिष्य अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी के 57 वें जन्मोत्सव पर कही।





उन्होंने जन्मोत्सव पर मंच पर शिष्य अंतर्मना को गले लगा कर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया आयोजन से पूर्व कि सुबह 4 बजे से दिव्यमंगल पाठ आराधना व भगवान मुनिसुब्रतनाथ जिनालय में गणाचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज के सानिध्य में श्री जी कलशाभिषेक शांतिधारा की गई। जहां गणाचार्य श्री ने शिष्य अंतर्मना आचार्य श्री को भजन गाते हुए ताली बजाकर जन्मोत्सव का विशेष आशीर्वाद दिया। शिष्य ने त्रिवार बंदना करते हुए गुरु आशीष ग्रहण किया। जहां गुरुदेव ने कहा कि तुम्हे जल्द ही तीर्थंकर प्रकृति का बंध हो...तुम जल्दी भगवान बनो।जिसके बाद बैंडबाजों के साथ गणाचार्य संघ पुष्पगिरी तीर्थ की शीर्ष पहाड़ी पर पहुंचे जहां लाभार्थी अनिल मीणा नागपुर द्वारा ध्वजारोहण के साथ अंतर्मना जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। वही तीर्थ पहाड़ी पर गुरु सानिध्य में पौधारोपण किया गया। भगवान पद्मप्रभु चिकित्सालय में पुष्पगिरी तीर्थ व एक निजी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण व आयुष्मान कार्ड पंजीयन, ब्लड़ डोनेशन केम्प लगाया गया। मां जिनवाणी स्कूल सहित क्षेत्र के कई स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए हर मास एक उपवास विषय पर महाअभियान प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्वागत अध्यक्ष विधायक डॉ राजेश सोनकर, कलेक्टर ऋतुराज सिंह , अपर कलेक्टर संजीव जैन, सबरस कवि शशिकांत यादव आदि का पुष्पगिरी परिवार द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। संघ पति दिलीप हुमड़, जैन समाज अध्यक्ष महेन्द्र पाटोदी, पतंजलि एसकेजे प्रदीप तिजारावाला, मंगल सिंह सेंधव, डॉ नरेंद्र वर्मा, ब्लड डोनेशन इंदौर, दंत चिकित्सक डॉ.अशोक सेंधव, पुष्पगिरी अध्यक्ष प्रकाश अजमेरा, सचिव सुभाष जैन अंतर्मना ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक बेलावत, शांतिलाल बेलावत , समन्वयक आकाश जैन, निरंजनसिंह सेंगर, संचालन उपाध्याय मुनि पीयूष सागर महाराज ने किया। आभार पुष्पगिरी अध्यक्ष ने माना।